राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने केन्द्रीय मंत्री श्री राम विलास पासवान के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 08 अक्टूबर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के केन्द्रीय मंत्री श्री राम विलास पासवान के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

अपने शोकोद्गार में राज्यपाल श्री चौहान ने कहा है कि केन्द्रीय मंत्री श्री राम विलास पासवान ने रेल सहित कई महत्वपूर्ण विभागों के केन्द्रीय मंत्री के रूप में विभिन्न बार अपनी प्रतिभा, योग्यता, कर्तव्यपरायणता एवं अनुभव के बल पर देश एवं समाज की अप्रतिम सेवा की। वे समाज के प्रत्येक वर्ग में काफी लोकप्रिय राजनेता रहे तथा विशेषकर गरीबों एवं अभिवंचितों की सेवा में आजीवन लगे रहे। उनके निधन से संपूर्ण देश व समाज तथा विशेषकर बिहार राज्य को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत नेता स्व॰ पासवान की आत्मा को चिरशांति तथा शोक–संतप्त उनके सभी परिजनों एवं प्रशंसकों को धैर्य–धारण की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....